# नोएडा एसईजेड के राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 04.07.2025 को होने वाली बैठक की कार्यसूची

मद सं.01. पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर कार्यवाही की समीक्षा |

मद सं.02. जनवरी से मार्च, 2025 एवं अप्रैल से जून, 2025 तिमाही में कार्यालय के कामकाज में राजभाषा के प्रयोग में प्रगति की समीक्षा |

मद सं.03. कार्यालय में हिंदी में काम करने में आ रही कठिनाईयों के बारे में विकास आयुक्त महोदय के साथ चर्चा की जा सकती है |

मद सं.04. हिंदी छमाही अप्रैल से सितम्बर, 2024 "प्रेरणा" पत्रिका के सातवें संस्करण को छपवाने के लिए अग्रिम कार्यवाही करने हेतु चर्चा की जा सकती है |

मद सं.05. कार्यालय में राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) के अंतर्गत जारी होने वाले दस्तावेजों की कॉपी प्रत्येक तिमाही हिंदी रिपोर्ट के साथ हिंदी अनुभाग को देने के लिए कहा जा सकता है | ताकि आगामी निरीक्षण के समय मांगे जाने पर राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) के अंतर्गत जारी होने वाले दस्तावेजों को आसानी से दिखाया जा सकें |

मद सं.06. अनुभागों से हिंदी तिमाही रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद कार्यालय में हिंदी बैठक करायी जाती है और बैठक होने के बाद हिंदी तिमाही रिपोर्ट भरकर 10 दिन के अन्दर मंत्रालय को भेजी जानी होती है और इसके साथ ही राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन भी 10 दिन के अन्दर भरी जाती है रिपोर्ट मंत्रालय को भेजने के लिए देरी हो जाती है यदि अनुभागों द्वारा तिमाही रिपोर्ट निर्धारित तिथि पर दे दी जाए तो हम प्रत्येक हिंदी तिमाही रिपोर्ट समय से मंत्रालय को भेज सकते है | इस सम्बन्ध में विकास आयुक्त

महोदय से निवेदन है की उप विकास आयुक्त/सहायक विकास आयुक्त से तिमाही रिपोर्ट समय से देने के लिए कहा जा सकता है |

मद सं.07. अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कोई अन्य विषय |

<u>मद संख्या 1 और 2 पर कार्यवाही रिपोर्ट:-</u>

कार्यालय के राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पिछली बैठक विकास आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 07.04.2025 को आयोजित की गई थी | पिछली तिमाही में विकास आयुक्त महोदय द्वारा कार्यालय के सभी अनुभागों को प्रत्येक माह आये पत्रों के आकड़े हिंदी अनुभाग को देने के लिए कहा गया था लेकिन इस पर किसी भी अनुभागों द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गयी है | विकास आयुक्त महोदय द्वारा इस पर सहायक विकास आयुक्त/अनुभागों से चर्चा कर सकते है |

पिछली तिमाही जनवरी से मार्च, 2025 के प्रतिशत को देखते हुए अप्रैल से जून, 2025 तिमाही में अनुभागों द्वारा किये गए कार्य में कमी पायी गई है | जिसमे <u>प्रशासन अनुभाग, सम्पदा अनुभाग, परियोजना अनुभाग, लेखा अनुभाग, जयपुर एसईजेड</u> इन अनुभागों के प्रतिशत में कमी देखी गई | इसके साथ ही बाकि अनुभागों का अच्छा प्रतिशत देखा गया है |

और बैठक में अन्य बातो के साथ यह निर्णय लिया गया था की सभी अधिकारीगण अपने-अपने अनुभागों में हिंदी नोटिंग बढ़ाने हेतु हर संभव प्रयास करेंगे | अपने अपने अनुभागों से अप्रैल से जून, 2025 में हिंदी तिमाही रिपोर्ट धारा 3(3) के अंतर्गत पत्रादि द्विभाषी और नियम 5 के अंतर्गत हिंदी में जारी करेंगे |

कार्यालय के सदस्यगण अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अपने अपने अनुभागों में हिंदी के प्रयोग में आ रही कठिनाईयों और प्रगति के लिए किये गए उपायों पर विचार रख सकते है|